ont>

Title: Need to release adequate funds for proper maintenance and upgradation of National Highway No.76 in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा) : महोदय, उत्तर प्रदेश में झांसी-मिर्जापुर मार्ग जो महोबा-बांदा-प्रयाग-इलाहाबाद होकर गुजरता है, को भारत सरकार के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने राट्रीय राजमार्ग-76 घोाित कर रखा है। तीन-चार वा बीत जाने के बावजूद इस राट्रीय राजमार्ग के सुधार में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई। बांदा और चित्रकूद जिलों में इस राट्रीय राजमार्ग की बड़ी दुर्दशा है। पचासों किलोमीटर क्षेत्र में सड़क टूटी-फूटी और संकरी है। पुल-पुलिया कमजोर, टूटे और नीचे हैं जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। बरसात में बाढ़ का पानी पुलों के ऊपर से बहता है जिससे कई नदी-नालों में उफान के कारण दोनों ओर वाहन यातायात ठप्प हो जाता है। नये निर्माण कार्यों को गुणवत्ता इतनी अधिक खराब है कि सड़क बनते ही टूट गई है और गड्ढे हो गये हैं। जनता को भारी कट का सामना करना पड़ता है। भारत सरकार द्वारा अधिक धन देकर मरम्मत तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ नया निर्माण कराने तथा सड़क का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण कराने की आवश्यकता है।